प्रेस के लिए सूचना पत्र (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 86/2019)

तुरंत जारी करने के लिए

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

नई दिल्ली 8 अक्टूबर 2019: पिछले 2–3 दिनों के अखबारों में कुछ रिपोर्टें प्रकाशित हुईं कि डीटीएच सेवाओं के सक्रिय ग्राहक आधार में 25 प्रतिशत की कमी आई है और औसत सक्रिय ग्राहक आधार 31 मार्च को समाप्त तिमाही के 72.44 मिलियन से घटकर 30 जून को समाप्त तिमाही में 54.26 मिलियन रह गया है।

2. इन रिपोर्टों में यह भी दावा किया गया है कि भादूविप्रा के टैरिफ आदेश के कारण देश के अधिकांश उपयोगकर्ताओं के केबल टीवी बिलों में वृद्धि हुई है, उन्हें या तो उन चैनलों, जिन्हें वे देख रहे थे, की संख्या में कटौती करने या पूरी तरह से सस्ते या कुछ मामलों में मुफ्त वीडियो स्ट्रीमिंग सेवाओं के लिए मजबूर किया जा रहा है।

3. सबसे पहले यह स्पष्ट किया जाता है कि ये रिपोर्ट डेटा समान समूह की तुलना नहीं करते हैं और इसलिए निकाला गया निष्कर्ष गलत है। डीटीएच सेवाओं के सब्सक्राइबर को कई तरह से समूहित किया जा सकता है जैसे (क) दिए गए महीने में औसत सक्रिय ग्राहक (ख) सब्सक्राइबर जिनमें वे निष्क्रिय या अस्थायी रूप से 120 से अधिक दिनों के लिए निलंबित नहीं किए गए सब्सक्राइबर शामिल हैं (ग) सब्सक्राइबर जिनमें वे शामिल हैं, जिन्हें 90 दिनों से अधिक दिनों के लिए निष्क्रिय या अस्थायी रूप से निलंबित नहीं किया गया है (घ) डीटीएच ऑपरेटर द्वारा अपना काम शुरू करने की तिथि से कुल पंजीकृत सब्सक्राइबर। वस्तुतः, मार्च 2019 तक की अंतिम तिमाही तक, डीटीएच ऑपरेटर रिपोर्ट के अनुसार (क) सब्सक्राइबर आधार जिसमें वे सब्सक्राइबर भी शामिल हैं, जो निष्क्रिय नहीं हैं या अस्थायी रूप से 120 दिनों से अधिक के लिए निलंबित नहीं हैं और (ख) तत्कालीन विनियामक फ्रेमवर्क के कारण डीटीएच ऑपरेटर द्वारा काम शुरू करने की तारीख से कुल पंजीकृत सब्सक्राइबर ।

4. सेक्टर में पूरी तरह से पारदर्शिता लाने के लिए, सेक्टर के इतिहास में, पहली बार एक महीने में सक्रिय सब्सक्राइबर (मासिक सब्सक्रिप्शन रिपोर्ट) से संबंधित जानकारी भादूविप्रा द्वारा डीटीएच ऑपरेटरों से एकत्र की जाती है। यह आंकड़ा पहले कभी एकत्र नहीं किया गया था। इसलिए कोई प्रत्यक्ष तुलना संभव नहीं है।

5. इस संबंध में, जून, 2019 में समाप्त तिमाही के लिए भादूविप्रा की वेबसाइट पर प्रकाशित "भारतीय दूरसंचार सेवा निष्पादन के सूचक" रिपोर्ट की ओर ध्यान आकृष्ट किया जाता है, जिसमें यह स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि सब्सक्राइबर संख्या डीटीएच ऑपरेटरों की औसत मासिक सक्रिय सदस्य हैं। ऐसे में, इसमें कोई भी निष्क्रिय ग्राहक शामिल नहीं है। यह भी स्पष्ट रूप से कहा गया है कि औसत सक्रिय ग्राहक आधार का अर्थ है एक महीने के लिए सक्रिय ग्राहक आधार का औसत निकालने पर प्राप्त होने वाली संख्या (माह के 7वें दिन, 14वें दिन, 2 वें दिन, 28वें दिन)। हालांकि, मार्च 2019 में समाप्त तिमाही के लिए प्रकाशित सब्सक्राइबर आधार, डीटीएच ऑपरेटर्स सब्सक्राइबर आधार रिपोर्ट कर रहे थे, में अस्थायी रूप से निलंबित ग्राहकों की संख्या भी शामिल है, जो पिछले 120 दिनों से अधिक समय से निष्क्रिय नहीं हैं। इसलिए, प्रेस रिपोर्टों में उद्धृत आंकड़े तुलना योग्य नहीं हैं।

6. यह भी नोट करें कि अब जून, 2019 में समाप्त तिमाही से उन सब्सक्राइबर के लिए, जो 90 दिनों से अधिक दिनों से निष्क्रिय या अस्थायी रूप से (120 दिन से अधिक नहीं, जैसे कि पहले था) निलंबित नहीं रहे हैं, भी डेटा एकत्र किया गया है। मार्च 2019 में समाप्त तिमाही के कुल सब्सक्राइबर आधार 72.44 मिलियन (अस्थायी रूप से निलंबन अवधि 120 दिन से अधिक नहीं) की तुलना में जून, 2019 में समाप्त तिमाही के लिए कुल सब्सक्राइबर आधार 68.92 मिलियन (अब अस्थायी रूप से निलंबन अवधि 90 दिनों से अधिक नहीं है) है। सब्सक्राइबर आधार में मामूली कमी मेसर्स इंडिपेंडेंट टीवी लिमिटेड द्वारा डीटीएच सेवाओं को बंद करने के कारण हो सकती है और अब उन दिनों की संख्या, जिसके लिए निष्क्रिय ग्राहकों पर विचार किया गया है, पिछली तिमाहियों के 120 दिनों की तुलना में 90 दिन है।

7. उपर्युक्त से यह स्पष्ट है कि ये रिपोर्ट समान आंकड़ों की तुलना नहीं करते हैं और इसलिए प्राप्त निष्कर्ष गलत है। अतः यह अनुरोध किया जाता है कि इस प्रेस विज्ञप्ति को व्यापक प्रचार दिया जाए ताकि उपभोक्ताओं को सही तथ्यों से अवगत कराया जा सके।

8. किसी भी स्पष्टीकरण/सूचना के लिए श्री अरविंद कुमार, सलाहकार (बीएंडसीएस) से टेलीफोन नंबर +91–11–23220209 द्वारा

संपर्क किया जा सकता है।

(एस. के. गुप्ता)
सचिव, भादूविप्रा

अस्वीकरण: यह विज्ञप्ति / निविदा मूलरूप से अंग्रेजी में लिखित विज्ञप्ति / निविदा का हिंदी अनुवाद हैं। यदि इसमें कोई विसंगति परिलक्षित होती है तो अंग्रेजी में लिखित यह विज्ञप्ति / निविदा मान्य होगी।